विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2024 के प्रथम गुरूवार हेतु निर्धारित श्री आशुतोष सिन्हा, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-09 का उत्तरः-

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 9 (क) क्या मुख्य मंत्री वतायेंगे कि वाराणसी मण्डल के अन्तर्गत दिनांक 01 जनवरी, 2023 से 01 जनवरी, 2024 तक नकली दवाओं की रोकथाम हेतु जनपद के संवंधित अधिकारियों द्वारा क्या क्या प्रयास किये गये है ? | दिनांक 01 जनवरी, 2023 से 01 जनवरी, 2024 तक वाराणसी मण्डल में नकली दवाओं की रोकथाम हेतु औपधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 एवं तत्सम्वन्धी नियमावली, 1945 के अन्तर्गत विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए औपधि विक्रय प्रतिष्ठानों का 826 निरीक्षण कर 742 नमूने संग्रहीत किये गये, जिसमें 27 नमूने नकली एवं 01 नमूना अधोमानक पाया गया। उक्त अवधि में नकली नमूनों से सम्वन्धित व्यक्तियों/फर्मों के विरूद्ध कुल 26 वाद मा0 सक्षम न्यायालय में योजित कराये गये। |
| (ख) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

योगी आदित्यनाथ
मुख्य मंत्री।